नवभारत
भोपाल, रविवार 12 अप्रैल 2026

जहर खाकर दो युवकों ने दी जान

एसपी ने दिए जांच के निर्देश, चंदला थाना प्रभारी संदीप दीक्षित निलंबित

छतरपुर, 11 अप्रैल. छतरपुर जिले में एक ही दिन में पुलिस थानों से जुड़ी दो युवकों की संदिग्ध हालत में हुई मौतों ने सनसनी फैला दी है. दोनों मामलों में युवकों द्वारा जहर खाने की बात सामने आई है, जिसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

पहला मामला चंदला थाना

चंदला और गौरिहार थाने का मामला

क्षेत्र का है, जहां नाहर गांव निवासी 22 वर्षीय राम विशाल अहिरवार उर्फ रज्जू को पति-पत्नी विवाद के चलते थाने बुलाया गया था. इसी दौरान उसने थाने परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया. हालत

बिगड़ने पर पुलिस उसे अस्पताल ले गई, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस पर मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं. वहीं एसडीओपी नवीन दुबे के अनुसार, दोनों पक्षों को

> दूसरा मामला गौरिहार थाना क्षेत्र का है, जहां एक अन्य युवक की भी जहर खाने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वह किसी विवाद के चलते थाने पहुंचा था और मानसिक दबाव के कारण उसने आत्मघाती कदम उठा लिया. एक ही दिन में दो घटनाओं के सामने आने से जिले में आक्रोश का माहौल है.

समझाइश दी जा रही थी और उसी दौरान युवक ने यह कदम उठाया. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मामले में न्यायिक जांच की सिफारिश की है और थाना प्रभारी संदीप दीक्षित को निलंबित कर दिया गया है.

एसपी ने देर रात जारी किए स्थानांतरण आदेश

छतरपुर, 11 अप्रैल. जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया है. शुक्रवार देर रात जारी आदेश में कई थाना प्रभारियों के तबादले किए गए हैं. जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला को बड़ा मलहरा थाना प्रभारी के पद से हटाकर चंदला थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं बमनौरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिशिर तिवारी को अब बड़ा मलहरा थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है. इसके अलावा, कोतवाली थाने में पदस्थ उप निरीक्षक शैलेंद्र चौरसिया को पदोन्नत करते हुए बमनौरा थाने की कमान सौंपी गई है. इस फेरबदल को पुलिस प्रशासन की रणनीतिक कार्यप्रणाली का हिस्सा माना जा रहा है, जिससे जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके.

छतरपुर की प्यास बुझाने अमृत 2.0 का कवच

विधायक और अध्यक्ष ने किया पानी की टंकियों का भूमिपूजन

छतरपुर, 11 अप्रैल. नगर पालिका परिषद छतरपुर शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है. इसी कड़ी में शनिवार को पेयजल व्यवस्था में सुधार और सामाजिक आयोजनों की सुविधा के लिए

पेयजल सुधार के लिए 1 करोड़ का निवेश

करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी गई. विधायक ललिता यादव और नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया ने विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न किए. अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहर में कुल 2.50 करोड़ की लागत से 5 पानी की टंकियों का निर्माण होना है. इसके प्रथम चरण में आज 1 करोड़ रुपये की लागत वाली दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ:

फिरंगी पछाड़ मुक्तिधाम: यहां 50 लाख रुपये की लागत से 750 केएल क्षमता वाली ओवरहेड टैंक का भूमिपूजन किया गया.

अनगढ़ टौरिया पहाड़ी: यहाँ 450 केएल क्षमता की ग्राउंड सर्विस रिजर्वायर (जीएसआर) टंकी का निर्माण शुरू हुआ, जिसकी लागत भी 50 लाख रुपये है. इन टंकियों के निर्माण से शहर के एक बड़े हिस्से में पानी की किल्लत दूर होगी और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुंच सकेगा.

वार्ड 15 को मिला सामुदायिक भवन

पेयजल परियोजनाओं के साथ ही अनगढ़ टोरिया (वार्ड क्रमांक 15) में विधायक निधि से निर्मित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया. 10.50 लाख की लागत से तैयार यह भवन स्थानीय नागरिकों को सामाजिक, मांगलिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित और सस्ता विकल्प प्रदान करेगा.

जनप्रतिनिधियों का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान विधायक ललिता यादव ने कहा कि प्रत्येक वार्ड का समान विकास हमारी प्राथमिकता है. वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने भरोसा दिलाया कि पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी.

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सांची. शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शनिवार 11 अप्रैल 2026 को शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. शिक्षक नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें रखीं.ज्ञापन में शिक्षकों ने ञ्श्वञ्ज की अनिवार्यता समाप्त करने एवं सेवा अवधि की गणना नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग की. साथ ही संबंधित आदेशों को निरस्त कर शिक्षकों को राहत प्रदान करने की अपील की गई.

केन-बेतवा प्रोजेक्ट पर कलेक्टर ने दिलाया भरोसा

पात्रों का हक नहीं डूबेगा, शिकायतों पर होगा त्वरित एक्शन

छतरपुर, 11 अप्रैल. केन-बेतवा लिंक परियोजना के डूब क्षेत्र और विस्थापन से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है.

शनिवार दोपहर छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मीडिया के माध्यम से प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मुआवजा सूची से नहीं छूटेगा और प्राप्त सभी शिकायतों का पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जा रहा है. कलेक्टर जैसवाल ने बताया कि पन्ना जिले के मझगांय और रूंझ परियोजना से प्रभावित लोगों द्वारा जो मुआवजा संबंधी शिकायतें दर्ज

कराई गई थीं, उन्हें आवश्यक कार्यवाही के लिए स्थानीय प्रशासन (पन्ना) को प्रेषित कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान के लिए छतरपुर और पन्ना प्रशासन के बीच निरंतर समन्वय बना हुआ है ताकि किसी भी ग्रामीण को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े.

> **छतरपुर के 14 गांवों में सर्वे की स्थिति**
>
> परियोजना के तहत छतरपुर जिले के जो 14 गांव प्रभावित हो रहे हैं, वहां वर्तमान में सर्वे का कार्य प्रगति पर है. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व और सिंचाई विभाग की टीमें धरातल पर बारीकी से काम कर रही हैं. सर्वे प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एक भी वास्तविक हकदार मुआवजे की प्रक्रिया से वंचित न रहे.

अफवाहों पर न दें ध्यान

कलेक्टर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या अफवाहों के प्रभाव में न आएं. यदि किसी को सर्वे या पात्रता को लेकर कोई शंका है, तो वे सीधे संबंधित तहसील कार्यालय या जिला मुख्यालय पर अपनी बात रख सकते हैं.

पंचायतों में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार

चंदला, 11 अप्रैल. गौरिहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत किशुनपुर अंतर्गत ग्राम जरैला में नली निर्माण कार्य शिवकुमार पटेल के मकान से सरजू पटेल मकान तक लगभग

कार्रवाई लंबित

200 मीटर सीसी सह नाली निर्माण किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जो कि केवल अभी नाली का ही निर्माण किया गया है, और नाली बनते ही कुछ ही दिनों में टूट गई है. नाली निर्माण में जगह- जगह दरारें आ गई हैं और कई जगह से टूटकर ध्वस्त हो गई है. ग्रामीण प्रतिपाल पटेल , जगप्रसाद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच सचिव के द्वारा निर्माण कार्य सही तरीके से नहीं करवाए जाते हैं नाली निर्माण में ठीक-ठाक मटेरियल नहीं लगवाया गया ना ही तलाई की गई , मटेरियल 1- 7- 8 के हिसाब से मटेरियल का प्रयोग किया गया है, इस वजह से नाली जगह-जगह से ध्वस्त हो गई है.

> **इनका कहना है**
>
> हमें आपके द्वारा जानकारी मिली है मैं स्वयं जाकर निर्माण कार्य की जांच करूंगी और इस पर कार्रवाई की जाएगी.
>
> मधु प्रजापति, एसडीओ गौरीहार जनपद

रिश्वत न देने पर युवक की मौत

परिजनों का आरोप- मांग पूरी न होने पर पुलिस ने बेरहमी से पीटा

छतरपुर, 11 अप्रैल. गौरिहार थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार शाम करीब 4 बजे परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक अर्जुन से पुलिसकर्मियों द्वारा हजारों

घायल हालत में झाड़ियों में फेंका

रुपये की रिश्वत मांगी गई थी. जब उसने रकम देने से इंकार किया, तो कथित तौर पर पुलिसकर्मियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी.

परिजनों का कहना है कि मारपीट के बाद घायल युवक को झाड़ियों में फेंक दिया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ती गई और बाद में उसकी मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया है. फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले में आधिकारिक बयान सामने आना बाकी है. वहीं, परिजन न्याय की मांग को लेकर कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं.

सीसी निर्माण में भ्रष्टाचार

ग्राम पंचायत जरहटा का मामला, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

चंदला, 11 अप्रैल. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जरेहटा में सीसी निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है. यहां पांचवें वित्त आयोग के तहत कराए गए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, राजबाई अहिरवार के मकान से रज्जू अहिरवार के मकान तक लगभग 6 लाख 75 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण

नहीं हो रही कार्रवाई

कराया गया. वहीं, मैन रोड से राजबाई अहिरवार के मकान तक करीब 6 लाख 59 हजार रुपए की लागत से एक अन्य सीसी रोड का निर्माण किया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों ही निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ता विहीन हैं. निर्माण के कुछ समय बाद ही सीसी सड़क कई टुकड़ों में टूट चुकी है और जगह-जगह दरारें (दादरे) साफ देखी जा सकती हैं.

> **इनका कहना है**
>
> आपके द्वारा जानकारी दी गई है उपयंत्री को भेजकर जांच करवाते है.
>
> - दीपा कोटिस्ताने
> सीईओ गौरीहार जनपद पंचायत

स्थानीय लोगों के मुताबिक, निर्माण के दौरान न तो मानक स्तर का मटेरियल उपयोग किया गया और न ही वाइब्रेटर मशीन का इस्तेमाल किया गया, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित हुई है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि अधिकारियों की कथित कमीशनखोरी के चलते ऐसे घटिया निर्माण कार्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है. कई बार शिकायत करने के बावजूद जनपद स्तर के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहे हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के भ्रष्टाचार पर रोक लग सके.

जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष, 7 लोग घायल

छतरपुर, 11 अप्रैल. छतरपुर जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज चौकी इलाके में जमीन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लंबे समय से चल रहा विवाद

लाठी-डंडों और लोहे के सब्बल से हमला किया गया

दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : पुलिस

अचानक इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में बदल गया.

इस दौरान लाठी-डंडों और लोहे के

सब्बल से एक-दूसरे पर हमला किया गया, जिसमें कुल 7 लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, एक पक्ष से बबलू लखेरे (52), परशुराम लखेरा (60), बाबू लखेरे (27), भूपेंद्र लखेरा (17) और मालती (45) घायल हुए हैं. वहीं दूसरे पक्ष से घनश्याम लखेरा (65), राजेश (45), कालीचरण (35) और रौशनी (40) को भी चोटें आई हैं. सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा पहुंचाया गया. बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था और पहले भी कई बार कहासुनी हो चुकी थी. घटना के दिन विवाद अचानक उग्र हो गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में

बस स्टैंड चोरी मामला निकला घरेलू विवाद

छतरपुर. छतरपुर नगर के बस स्टैंड पर महिला के बैग से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी का मामला अब नया मोड़ ले चुका है. प्रारंभिक तौर पर इसे चोरी की घटना बताया गया था, लेकिन पुलिस जांच में यह पूरा मामला घरेलू विवाद का निकला है. जानकारी के अनुसार, देवगांव निवासी रश्मि शर्मा ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बैग से जेवरात और नगदी चोरी हो

गई है. इस शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया, जिसमें घटना संदिग्ध पाई गई. आगे की पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि मामला चोरी का नहीं, बल्कि घरेलू विवाद से जुड़ा हुआ है. इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह ने शनिवार सुबह करीब 11:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि जांच के बाद सच्चाई सामने आ गई है और मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. घटना के खुलासे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि प्रारंभिक शिकायत में तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति थी, जिसे पुलिस ने समय रहते स्पष्ट कर दिया.

जयंती 19 अप्रैल से दो दिवसीय आयोजन, निकलेगी विशाल शोभायात्रा

छतरपुर में सजेगा भगवान परशुराम का भव्य दरबार

छतरपुर, 11 अप्रैल. मर्यादा और शौर्य के प्रतीक भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव को लेकर छतरपुर धर्मनगरी पूरी तरह से उत्साहित है. इस वर्ष 'भगवान परशुराम सेवा समिति' द्वारा दो दिवसीय भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ शहर में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं.

पहले दिन : सिद्धेश्वर मंदिर में गूँजेंगे भजन

महोत्सव का शुभारंभ 19 अप्रैल को नारायणपुरा रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में होगा. यहाँ स्थित भगवान परशुराम मंदिर में सुबह से ही विशेष अनुष्ठान प्रारंभ होंगे. कार्यक्रम में भगवान

का अभिषेक, विधिवत पूजन, शस्त्र पूजन और हवन संपन्न किया जाएगा. शाम को सुमधुर भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भक्त भक्ति रस में गोते लगाएंगे. साथ ही, समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है.

दूसरे दिन : शौर्य और आस्था की निकलेगी सवारी

महोत्सव के दूसरे दिन 20 अप्रैल को मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रहेगी. दोपहर 2 बजे रामचरितमानस प्रांगण में भगवान के विग्रह का अभिषेक और महाआरती होगी. इसके पश्चात, शाम 4 बजे यहाँ से विशाल शोभायात्रा का श्रीगणेश होगा. पारंपरिक वाद्य यंत्रों, झाँकियों और जयघोष के साथ यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी.

> **बैठकों का दौर जारी**
>
> आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए परशुराम सेवा समिति द्वारा निरंतर बैठकें की जा रही हैं. समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस वर्ष आयोजन को और अधिक व्यापक रूप दिया जा रहा है. समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर सपरिवार सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएं.

मुबीन शीशगर बने कांग्रेस एकता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

विदिशा. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा द्वारा मुबीन शीशगर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. मुबीन शीशगर नगर पालिका विदिशा के वार्ड क्रमांक 8 से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी भी रह चुके हैं. उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों में उत्साह का माहौल है.

ड्यूटी के दौरान प्रधान आरक्षक को आया हार्ट अटैक

छतरपुर. छतरपुर पुलिस कार्यालय में ड्यूटी के दौरान प्रधान आरक्षक गणेश सिंह गौतम की अचानक तबीयत बिगड़ गई. महिला सुरक्षा शाखा में पदस्थ गौतम को बीती शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिससे कार्यालय में हड़कंप मच गया. साथी पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हार्ट अटैक की पुष्टि की. अस्पताल में तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया गया और उनकी हालत को स्थिर करने का प्रयास

किया गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले और सीएसपी अरुण कुमार सोनी जिला अस्पताल पहुंचे. अधिकारियों ने डॉक्टरों से चर्चा कर उपचार की पूरी जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया. इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से ग्वालियर भेजा गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, ग्वालियर में उपचार के दौरान उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है. पुलिस विभाग के अधिकारी लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं.